# म0प्र0 कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल

'चयन भवन' मुख्य मार्ग क्रं.1, चिनार पार्क(पूर्व), भोपाल (म.प्र.) – 462011
टेलीफोन नं.: (0755) 2578801-04 फैक्स नं. : 0755-2550498
वेबसाईट : www.esb.mp.gov.in

# परीक्षा–परिणाम

## समूह–5 के अंतर्गत स्टॉफ नर्स, महिला बहुउद्धेश्यीय कार्यकर्ता (ए.एन.एम.), सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी, व अन्य समकक्ष पदों की सीधी भर्ती व बैकलॉग–सीधी भर्ती हेतु संयुक्त भर्ती परीक्षा–2023

| | | |
|---|---|---|
| ऑनलाईन परीक्षा तिथि | : | 25.06.2023 से 03.07.2023 तक |
| परीक्षा परिणाम तिथि | : | 12 फरवरी, 2024 |

परीक्षा परिणाम से संबंधित जानकारी मण्डल की वेबसाईट www.esb.mp.gov.in पर उपलब्ध है।

12/02/24

12/2 2024

14/2/24

# म0प्र0 कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल

## समूह–5 के अंतर्गत स्टॉफ नर्स, महिला बहुउद्धेश्यीय कार्यकर्ता (ए.एन.एम.), सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी, व अन्य समकक्ष पदों की सीधी भर्ती व बैकलॉग–सीधी भर्ती हेतु संयुक्त भर्ती परीक्षा–2023 का परीक्षा परिणाम

कर्मचारी चयन मण्डल द्वारा दिनांक 25.06.2023 से 03.07.2023 तक समूह–5 संयुक्त भर्ती परीक्षा–2023 (ऑनलाईन परीक्षा) का आयोजन म.प्र. के 12 शहरों (बालाघाट, भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, खंडवा, रतलाम, रीवा, सागर, सतना, सीधी, एवं उज्जैन) में किया गया था। इस परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों की जानकारी एवं परीक्षा परिणाम के प्रमुख बिन्दु निम्नानुसार है :–

1. इस परीक्षा हेतु ऑनलाईन के माध्यम से प्राप्त 85586 (विषयवार कुल संख्या 95299) मान्य आवेदन–पत्रों के प्रवेश–पत्र जारी किए गए थे, आवेदकों की संख्यात्मक जानकारी निम्नानुसार है:–

| S.n. | Paper Name | Present Candidate | Absent Candidate | Total Candidate |
|---|---|---|---|---|
| 1 | A | 23176 | 8972 | 32148 |
| 2 | B | 8779 | 2293 | 11072 |
| 3 | C | 9581 | 3782 | 13363 |
| 4 | D | 8907 | 2550 | 11457 |
| 5 | E | 1232 | 427 | 1659 |
| 6 | F | 872 | 399 | 1271 |
| 7 | G | 127 | 105 | 232 |
| 8 | H | 14 | 18 | 32 |
| 9 | I | 468 | 157 | 625 |
| 10 | J | 152 | 70 | 222 |
| 11 | K | 3282 | 919 | 4201 |
| 12 | L | 54 | 41 | 95 |
| 13 | M | 24 | 18 | 42 |
| 14 | N | 59 | 29 | 88 |
| 15 | O | 36 | 27 | 63 |
| 16 | P | 79 | 61 | 140 |
| 17 | Q | 2 | 1 | 3 |
| 18 | R | 78 | 32 | 110 |
| 19 | S | 15 | 27 | 42 |
| 20 | T | 9891 | 8381 | 18272 |
| 21 | U | 102 | 60 | 162 |
| | Total | 66930 | 28369 | 95299 |

2. ऑनलाईन परीक्षा उपरांत मण्डल द्वारा आदर्श उत्तर कुंजी वेबसाईट पर अपलोड कर अभ्यर्थियों से अभ्यावेदन आमंत्रित किये गये थे, जिसमें प्राप्त अभ्यावेदनों पर अंतिम उत्तर समिति के विषय विशेषज्ञों द्वारा समग्र रूप से विचार/अध्ययन कर अंतिम उत्तरों को अंतिम रूप दिया गया, जिसके आधार पर नियमपुस्तिका के नियम क्रमांक 3.8 के अनुसार परीक्षा परिणाम तैयार किया गया।
3. इस परीक्षा हेतु अंतिम रूप से उपलब्ध करवाई गई विभागवार, पदवार, श्रेणीवार व संवर्गवार पदों की संख्या, भरे गए पद, एवं कटऑफ अंकों का विवरण एवं प्रश्न पत्र अनुसार प्रथम 10 स्थान पाने वाले अभ्यर्थियों का विवरण मण्डल की आधिकारिक बेवसाईट पर उपलब्ध है।
4. परीक्षा संबंधी नियमपुस्तिका में उल्लेखित नियमों के प्रकाश में परिणाम जारी किया जा रहा है।
5. नियमानुसार निःशक्तजन संवर्ग के अभ्यर्थियों से संबंधित पद पूर्व से ही अनारक्षित, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अंतर्गत बिना वर्ग/ओपन में सम्मिलित है। अतः जितने भी अभ्यर्थी निःशक्तजन संवर्ग के अंतर्गत अस्थिबाधित, दृष्टिबाधित एवं श्रवणबाधित मेरिट के आधार पर प्राप्त हुए हैं, उनके पदों को संबंधित श्रेणी के बिना वर्ग/ओपन के निर्धारित पदों में से घटाकर श्रेणी एवं विकलांग संवर्गवार परिणाम तैयार किया गया है। निःशक्तजन अभ्यर्थियों की प्रतीक्षा सूची तैयार नहीं की गई है।
6. परीक्षा परिणाम जारी होने के उपरांत यदि कोई तकनीकी त्रुटि संज्ञान में आती है, तो परिणाम में सुधार करने का अधिकार मण्डल के पास सुरक्षित रहेगा।

12/2/2024

12/2/24

12/02/24

7. माननीय उच्च न्यायालय की रिट पिटीशन–18105/2021 में दिनांक 04 अगस्त, 2023 में पारित अंतरिम आदेश के दृष्टिगत अवर सचिव मध्यप्रदेश शासन, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल के पत्र क्रमांक एफ–07–37/2021/आ.प्र./एक भोपाल, दिनांक 27 जनवरी, 2024 में दिये गये दिशानिर्देशो अनुसार 87 प्रतिशत पदों पर परीक्षा परिणाम घोषित किया जाना है तथा 13 प्रतिशत पदों हेतु परीक्षा परिणाम माननीय न्यायालय के अंतिम निर्णय आने तक रोका गया है। माननीय न्यायालय के अंतिम निर्णय आने के उपरांत संबधित वर्ग (अन्य पिछड़ा वर्ग या अनारक्षित) में रोके गये 13 प्रतिशत पद के परीक्षा परिणाम के संबंध में कार्यवाही की जायेगी।

8. परीक्षा परिणाम से संबंधित जानकारी ई.एस.बी. की वेबसाईट www.esb.mp.gov.in पर उपलब्ध कराई गई है। जहाँ से अभ्यर्थी स्वयं का परीक्षा परिणाम एवं उत्तर पुस्तिका, टॉप 10, नॉर्मलाईजेशन, मेरिट की पी.डी.एफ एवं कटऑफ डाउनलोड एवं एक जाई अंकसूची प्राप्त कर सकते है।

भोपाल,
दिनांक : 12 फरवरी 2024

12/2/2024

12/2/24

नियंत्रक
म.प्र. कर्मचारी चयन मण्डल
भोपाल

12/02/24